मरीजों की सेहत से खिलवाड़, महाराष्ट्र में 1.85 करोड़ की नकली दवाएं बरामद

महाराष्ट्र के ठाणें में जिले में छापेमारी के बाद 1.85 करोड़ रुपये की नकली दवाएं जब्त की गईं हैं. खाद्य और ड्रग्स (एफडीए) के अधिकारियों ने इस बात की जानकारी सोमवार को दी. अधिकारियों ने बताया कि दो जगहों पर छापेमारी की गई थी, जिसके बाद ऐसी दवाएं बरामद की गईं. न्यूज एजेंसी से बात करते हुए एक अधिकारी ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में भिवंडी के एक गोदाम और मीरा रोड इलाके में एक अन्य प्रतिष्ठान पर छापे मारे गए. पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस मामले में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है.

Source: https://www.aajtak.in/india/maharashtra/story/thane-the-food-and-drug-administration-personnel-have-seized-spurious-drugs-lclv-dskc-2122062-2024-12-16